POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 06.06.2026

1.थाना जेवर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, 4160 रूपये नकद, चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 05/06/2026 को वादी द्वारा थाना जेवर पर प्रार्थना पत्र देकर सूचना दी गई कि किसी अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर का ताला तोड़कर वादी के घर से सोना-चाँदी के आभूषण व नगद रुपये चोरी कर लिये है। जिसके संबंध में थाना जेवर पर मु0अ0सं0 192/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया। दिनांक 06/06/2026 को अन्य वादी द्वारा थाना जेवर पर वादी की मोटर साइकिल स्पलैण्डर प्लस रजि0नं0 HR30J8005 व वादी के पड़ोसी की मोटरसाइकिल स्पलैण्डर रजि0नं0 DL10AD4700 चोरी होने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना जेवर पर मु0अ0सं0 193/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण-- उक्त घटना के अनावरण के लिए दो स्थानीय पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आस-पास के सभी सीसीटीवी कैंमरो की फुटेज को चैक किया गया। **दिनांक 06/06/2026** को थाना जेवर पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्यों व गोपनीय सूचना की सहायता से 03 अभियुक्त 1.तेजपाल उर्फ छोटा बनिया पुत्र मनोज 2.कृष्ण उर्फ कुटनिया पुत्र चन्द्रपाल 3.गौरव पुत्र प्रीतम को सिरसा माचीपुर की ओर जाने वाले रास्ते से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण सम्बन्धित मु0अ0सं0 192/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस, चोरी की 01 मोटरसाइकिल स्पलैण्डर रजि नं0 DL10AD4700 सम्बन्धित मु0अ0सं0 193/2026 धारा 303(2) बीएनएस व एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

पूछताछ का विवरण-- अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बरामद मोटरसाइकिल तथा एक अन्य मोटरसाइकिल को ग्राम रामपुर बांगर से चोरी किया गया था। उनके द्वारा ग्राम रामपुर बांगर व कस्बा जेवर में अन्य तीन मकानो में भी चोरी की गयी थी। अभियुक्तगण के अन्य साथियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. कृष्ण उर्फ कुटनिया पुत्र चन्द्रपाल निवासी भगत जी कॉलोनी, थाना कैम्प पलवल, हरियाणा।
2. तेजपाल उर्फ छोटा बनिया पुत्र मनोज निवासी भगत जी कॉलोनी, थाना कैम्प पलवल, हरियाणा।

3. गौरव पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम साहबनगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 192/2026 धारा 331(4)/305(ए)/317(5) बीएनएस थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 193/2026 धारा 303(2)/317(5) बीएनएस थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. एक चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सिल्वर रंग संख्या DL10AD4700
2. अभियुक्त तेजपाल के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व चोरी के 1250 रूपये नगद
3. अभियुक्त कृष्ण उर्फ कटुनिया के कब्जे से चोरी की एक चेन, एक नाक की लांग, एक लॉकेट व 1500 रूपये नगद
4. अभियुक्त गौरव उपरोक्त के कब्जे से चोरी का एक कमरबन्द, तीन हाथ की कंगन व 1410/- रूपये नगद